**(GCF-19, GCF-20, VCF-4, SCF-6 & SCF-7)**

**DATE: 19.06.2020** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) यदि औसत लागत गिर रही है, तो –
- (a) सीमान्त लागत बढ़ रही है।
- (b) सीमान्त लागत घट रही है।
- (c) सीमान्त लागत औसत लागत के बराबर है।
- (d) यह बताना सम्भव नही है कि सीमान्त लागत घट रही है या बढ़ रही है।

(2) निम्न में से कौनसी लागत उत्पादन बढ़ने पर लगातार बढ़ती जाती है ?
- (a) औसत लागत
- (b) सीमान्त लागत
- (c) स्थिर लागत
- (d) परिवर्तनशील लागत

(3) यदि माँग वक्र पूर्णतया लोचदार है और पूर्ति वक्र बायीं ओर परिवर्तित हो जाऐ तो –
- (a) कीमत शून्य हो जाऐगी
- (b) कीमत बढ़ जाऐगी
- (c) कीमत घट जाऐगी
- (d) कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

(4) माँग के नियम के अन्तर्गत –
- (a) वस्तु की कीमत एक स्वतंत्र चर है
- (b) वस्तु की माँग एक आश्रित चर है
- (c) कीमत और माँग के मध्य पारस्परिक संबंध होता है
- (d) उपरोक्त सभी

(5) जब एक उपभोक्ता एक उदासीनता वक्र पर ऊपर की ओर गतिशील होता है तो उसकी कुल उपयोगिता–
- (a) पहले बढ़ती है फिर घटती है
- (b) पहले घटती है फिर बढ़ती है
- (c) समान रहती है
- (d) बढ़ती है

(6) निम्न में से कौनसी एक क्रमवाचक विचारधारा की मान्यता नहीं है–
- (a) उपभोक्ता की पंसद स्थिर रहती है
- (b) उपभोक्ता वस्तु की कुल उपयोगिता को माप सकता है
- (c) उपरोक्त कभी पूर्ण रूप से सन्तुष्ट नहीं होता है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(7) पैमाने के प्रतिफलों को समझाया जा सकता है :–
- (a) आन्तरिक व बाहरी बचतों से
- (b) आन्तरिक व बाहरी हानियों से
- (c) बाहरी बचतों व आन्तरिक हानियों से
- (d) उपरोक्त सभी।

(8) मूल्य विभेद निर्भर करता है :–
- (a) मांग की लोच पर
- (b) पूर्ति की लोच पर
- (c) बाजार के आकार पर
- (d) उपरोक्त सभी।

(9) एकाधिकारी द्वारा दो बाजारों में लाभ अधिकतमकरण की शर्त है :–
- (a) $MR = MC_a = MC_b$
- (b) $MC = MR_a = MR_b$
- (c) $AR = MR_a = MR_b$
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(10) एक एकाधिकारी अपने उत्पाद का मूल्य निर्धारित कर सकता है, परन्तु _______ निर्धारित नहीं कर सकता।
- (a) आगम
- (b) लागत
- (c) पूर्ति
- (d) मांग

(11) यदि फर्म की औसत आगम उसकी औसत लागत से कम परन्तु उसकी औसत परिवर्तनशील लागत से अधिक हो, ता फर्म को _________
- (a) उत्पादन बन्द करना चाहिये।
- (b) हानि कम करने के लिए कीमत बढ़ानी चाहिये।
- (c) हानि कम करने के लिए लागत घटानी चाहिये।
- (d) हानि को कम करने के लिए उत्पाद जारी रखना चाहिये।

(12) डम्पिंग किस बाजार से सम्बन्धित है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता
- (c) एकाधिकार
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(13) शोषण तथा असमानता किस अर्थव्यवस्था में अधिकतम होता है ?
- (a) समाजवाद
- (b) पूंजीवाद
- (c) मिश्रित अर्थव्यवस्था
- (d) साम्यवाद

(14) मांग पूर्वानुमान में आर्थिक सूचक कहलाते है :–
- (a) बाजार प्रयोग विधि
- (b) वायुदाब मापी विधि
- (c) उपभोक्ता व्यवहार विधि
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(15) यदि केले की कीमत 20रू से बढाकर 30रू प्रतिदर्जन हो गई ओर पूर्ति 250 दर्जन से 320 दर्जन तक की गई तो पूर्ति की लोच होगी।
- (a) .70
- (b) –.67
- (c) .61
- (d) .77

(16) मांग मे जो बदलाव मूल्य के अलावा अन्य घटक से होता है उसे कहते है–
- (a) मांग मे उतार–चढ़ाव
- (b) मांग में संकुचन / विस्तार
- (c) मांग संकुचन
- (d) मांग में परिवर्तन

(17) आदत्तन के सम्बन्ध में कीमत लोच होगी :
- (a) बेलोचदार
- (b) लोचदार
- (c) इकाई लोचदार
- (d) पूर्णत : बेलोचदार

(18) निम्न में से कौनसा उत्पाद सर्वोच्च उपभोक्ता आधिक्य प्रदान करता हैं।
- (a) आईस्क्रीम
- (b) कार
- (c) कलर टेलीविजन
- (d) पानी

(19) मांग वक्र के कुल क्षेत्र को ........................ के द्वारा मापा जाता है–
- (a) सीमान्त उपयोगिता
- (b) कुल उपयोगिता
- (c) उपभोक्ता आधिक्य
- (d) उत्पादक आधिक्य

(20) एक विवेकशील उपभोक्ता किस अवस्था में रहकर उत्पादन करना चाहेगाः–
- (a) जहाँ MP अधिकतम होता है
- (b) जहाँ MP व AP दोनों घटते हैं परन्तु धनात्मक रूप से
- (c) जहाँ MP ऋणात्मक हो जाये
- (d) (b) व (c) दोनों में।

(21) पूर्ति की चाप लोच का सूत्र है :–
- (a) $\dfrac{q_1 - q_2}{q_1 + q_2} \times \dfrac{p_1 + p_2}{p_1 - p_2}$
- (b) $\dfrac{\Delta Q}{Q} \times \dfrac{P}{\Delta P}$
- (c) $\dfrac{q_2 - q_1}{q_2 + q_1} \times \dfrac{p_1 + p_2}{p_2 - p_1}$
- (d) (a) व (b) दोनों

(22) निम्न में से कोनसी विचारधारा मांग के नियम को व्यक्त करने में मदद नहीं करती हैं?
- (a) गणनावाचक विचारधारा
- (b) क्रम वाचक विचारधारा
- (c) (a) व (b) दोनो
- (d) (a) व (b) दोनो नहीं

(23) औसत लागत वक्र के न्यूनतम बिंदु पर कौनसा वक्र नहीं काटता है–
- (a) सीमान्त लागतवक्र
- (b) औसत स्थिर लागत वक्र
- (c) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
- (d) (b) व (c) दोनों

(24) यदि दो वस्तुए पूर्णत असंबधित हो तब प्रतिकार लोच होगी।
- (a) 0
- (b) 1
- (c) अपरिमित
- (d) कोई नही।

(25) पूर्ति का संकुचन सम्बन्धित वस्तु के मूल्य में कमी का परिणाम है।
- (a) सत्य
- (b) लगभग सत्य
- (c) असत्य
- (d) इनमें से काई नहीं

(26) सीमान्त उपयोगिता किसी भी वस्तु की मात्रा पर निर्भर होती है तथाः
- (a) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात के होती है
- (b) कुल उपयोगिता के विपरीत अनुपात नही होती है
- (c) मात्रा में स्वतंत्र होती है
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(27) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम के अन्तर्गत, द्वितीय अवस्था में TP बढ़ता है :–
- (a) बढ़ती हुई दर से
- (b) घटती हुई दर से
- (c) स्थिर दर से
- (d) ऋणात्मक दर से।

(28) AVC का आकार होता है :–
- (a) क्षैतिज रेखा
- (b) ऋणात्मक ढलुआ
- (c) उत्तल
- (d) U आकार

(29) निम्न में से किसको एक बाजार प्रणाली का प्रयोग करते हुए संसाधनों के आवंटन की एक हानि माना जायेगा–
- (a) आय असमान रूप से वितरण की ओर प्रवृत्त होगी
- (b) लोगों को अपनी पंसद का माल नहीं मिलता
- (c) उद्यमी तथा पहल करने वाले आदमियों को पुरस्कार नहीं मिलता
- (d) लाभ नीचे की ओर उद्यत होंगे

(30) प्रशासित मूल्य होते है।
- (a) मॉग व पूर्ति की शक्तियों से निर्धारित मूल्य
- (b) बाजार में विक्रेताओं द्वारा तय किये गये मूल्य
- (c) सरकार द्वारा तय किये गये मूल्य
- (d) इनमें से कोई नहीं

(31) यदि केले की कीमत 8रू से बढाकर 10रू प्रतिदर्जन हो गई ओर पूर्ति 80 दर्जन से 100 दर्जन तक की गई तो पूर्ति की लोच होगी।
(a) .70
(b) –.67
(c) -1
(d) 1

(32) किसी भी वस्तु की माँगी गयी मात्रा में विस्तार तथा संकुचन परिणाम है :–
(a) वस्तु के मूल्य में परिवर्तन
(b) वस्तु के गुणवत्ता में परिवर्तन
(c) सस्ते प्रतिस्थापनों की उपलब्धता के कारण
(d) उपभोक्ता की आय में वृद्धि के कारण

(33) गणनावाचक विचारधारा को कहाँ जाता हैं।
(a) उदासीनता वक्र विश्लेषण
(b) हिक्स तथा ऐलन विचारधारा
(c) सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण
(d) उपरोक्त सभी

(34) निम्न में से कौनसा सिद्धान्त यह व्याख्या करता है कि जैसे जैसे उपभोक्ता किसी वस्तु का निरन्तर उपभोग करता हैं हर अतिरिक्त इकाई के उपभोग के साथ वस्तु से प्राप्त उपयोगिता घटती चली जाती हैं।
(a) सम–सीमान्त उपयोगिता नियम
(b) क्रमवाचक उपयोगिता का नियम
(c) सीमान्त उपयोगिता का नियम
(d) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम

(35) उपभोक्ता साम्य में............................और सीमान्त उपयोगिता के बराबर होने पर होता हैं।
(a) वस्तु की मांग
(b) वस्तु की पूर्ति
(c) वस्तु का मूल्य
(d) उपरोक्त सभी

(36) तटस्थता वक्र विश्लेषण की मान्यता नही है।
(a) तटस्थता वक्र बॉयी ओर ऋणात्मक ढाल वाली होती है।
(b) तटस्थता वक्र मूल बिन्दू की ओर अधोगामी ढाल के होते है।
(c) तटस्थता वक्र आपस में एक दूसरे को नही काटते।
(d) एक उच्च तटस्थता वक्र निम्न तटस्था वक्र की तुलना में अधिक संतुष्टि बताता है।

(37) फर्म के उत्पादन का कुशलत्तम स्तर होता है, जहाँ :–
(a) TR = TC हो
(b) MR = MC हो
(c) MC और AC न्यूनतम हो
(d) AC न्यूनतम हो

(38) ह्रासमान सीमान्त प्रतिफल से आशय है–
(a) ह्रासमान औसत परिवर्तनशील लागतें
(b) ह्रासमान सीमान्त लागतें
(c) ह्रासमान सीमान्त उत्पाद
(d) ह्रासमान औसत स्थिर लागतें

(39) _________उत्पादन की अस्पष्ट लागत है।
- (a) उद्यमी की अवसर लागत
- (b) विद्युत व्यय
- (c) स्वयं की भूमि का लगान
- (d) (a) व (c) दोनों

(40) यदि एक वस्तु की मांग की लोच पूर्णतः बेलोचदार हो तो निम्न में से कौन सा कथन असत्य है–
- (a) वह वस्तु अत्यंत आवश्यक होनी चाहिए जिसे खरीदा गया है
- (b) उस वस्तु के कई स्थानापन्न होने चाहिए
- (c) उस वस्तु को उसकी कीमत में वृद्वि के कारण न खरीदा गया हो।
- (d) उस वस्तु की मांग की लोच 0 के बराबर होनी चाहिए।

(41) गिफिन वस्तुओं के मामले में, माँग वक्र......................होगा।
- (a) क्षैतिज
- (b) दायी ओर अधोगामी ढलुँवा
- (c) दायी ओर उर्ध्वगामी ढलुँवा
- (d) लम्बवत

(42) एक समोत्पाद ढाल –
- (a) बाई और अधोगामी
- (b) दाई और अधोगामी
- (c) बाई ओर उर्ध्वगामी
- (d) दाई ओर उर्ध्वगामी

(43) भारत में शीतल पेय उद्योग की संरचना सर्वोत्तम रूप से बताई जाती है –
- (a) पूर्ण प्रतियोगी तौर पर
- (b) एकाधिकारी रूप से
- (c) अल्पाधिकारी रूप में
- (d) एकाधिकारात्मक प्रतियोगी तौर पर

(44) यदि एक विक्रेता 100 इकाइयाँ बेचकर रू. 10,000 वसूल करता है तथा 120 इकाइयाँ बेचकर रू. 14,000 वसूल कर लेता है तो यहाँ सीमान्त आगम क्या है?
- (a) रू. 4,000
- (b) रू. 450
- (c) रू. 200
- (d) रू. 100

(45) अर्थशास्त्र में, जो भी कुछ एक उपभोक्ता चुकाने के लिए तैयार है घटायें जो वह वास्तव में चुकाता है.......... ................के रूप में जाना जाता है।
- (a) उपभोक्ता का साम्य
- (b) उपभोक्ता की बचत
- (c) उपभोक्ता के व्यय
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(46) जब एक संयुक्त आर्थिक गतिविधि बढ़ रही हो, तो अर्थव्यवस्था को......................बताया जाता है।
- (a) विस्तार में
- (b) सिकुडाव में
- (c) चरम पर
- (d) टर्निंग पॉइन्ट

(47) The LAC वक्र
- (a) गिरता है जब LMC वक्र गिरता है।
- (b) उठता है जब LMC वक्र उठता है।
- (c) LMC वक्र के निचले से निचले बिन्दु के माध्यम से गुजरता है।
- (d) गिरता है जब LMC< LAC तथ बढ़ता है जब LMC>LAC

(48) उपभोक्ता वस्तु की अतिरिक्त इकाइयाँ क्रय करना रोक देता है जब–
- (a) जहॉ सीमान्त उपयोगिता घटना शुरू होती है
- (b) जहॉ सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है
- (c) जहॉ सीमान्त उपयोगिता उसके मूल्य के बराबर होती है
- (d) जहॉ कुल उपयोगिता बढ़ती है

(49) आय प्रभाव के अन्तर्गत, उपभोक्ता
- (a) मौलिक उदासीनता वक्र के साथ गतिशील होता है।
- (b) अपेक्षाकृत ऊँची या नीची उदासीनता वक्र के प्रति गतिशील होता है।
- (c) सदैव दोनों वस्तुओं की अपेक्षाकृत अधिक मात्रा का क्रय करता है।
- (d) उपरोक्त में कोई नहीं।

(50) एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म का......................पर नियंत्रण होता है।
- (a) मूल्य
- (b) उत्पादन तथा साथ ही मूल्य
- (c) उत्पादन मूल्य तथा उपभोक्तागण
- (d) उपरोक्त में कोई नहीं

(51) एकाधिकार में एक औद्योगिक फर्म का सामना कर रही माँग वक्र होती है–
- (a) क्षैतिज सरल रेखा
- (b) अनिर्धारणीय (Indeterminate)
- (c) अधोगामी ढलुँवा
- (d) उर्ध्वगामी ढलुँवा

(52) मूल्य विभेद सम्भव नहीं होता–
- (a) एकाधिकारी स्थिति में
- (b) किसी बाजार फर्म के अन्तर्गत
- (c) एकाधिकारी प्रतियोगी में
- (d) पूर्ण प्रतियोगी के अन्तर्गत

(53) एकाधिकार की दशा में–
- (a) MR वक्र परिभाषित नहीं की जा सकती है।
- (b) AR वक्र को परिभाषित नहीं किया जा सकता है।
- (c) अल्पकालीन पूर्ति वक्र परिभाषित नहीं किया जा सकता है।
- (d) उपरोक्त में कोई नहीं।

एक प्रतियोगिता फर्म अपने उत्पाद की उतनी अधिक मात्रा बेचती है जो यह रु100 प्रति इकाई के बाजार मूल्य पर चयन करती है। इसकी स्थिर लागत रु 300 है तथा उसकी परिवर्तनीय लागत (रुपयों में) उत्पादन के विभिन्न स्तरों के लिए निम्नलिखित तालिका में दिखाई गई है। प्रश्न 54–57 का उत्तर देने के लिए तालिका 1 का प्रयोग करें।

| मात्रा | परिवर्तनीय लागत | स्थिर लागत | कुल लागत | औसत परिवर्तनीय लागत | औसत कुल लागत | सीमान्त लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | | | | | |
| 5 | 270 | | | | | |
| 10 | 490 | | | | | |
| 15 | 720 | | | | | |
| 20 | 1000 | | | | | |
| 25 | 1370 | | | | | |
| 30 | 1870 | | | | | |
| 35 | 2540 | | | | | |
| 40 | 3420 | | | | | |
| 45 | 4550 | | | | | |
| 50 | 5970 | | | | | |

(54) जब उत्पादन 35 इकाइयाँ है तो औसत परिवर्तनीय लागत है–
(a) रु 7.25
(b) रु 72.25
(c) रु 72.57
(d) रु 85.50

(55) तालिका मे सीमान्त लागत प्रति इकाई जो उत्पादन की 25 इकाइयों के तत्सम्बद्ध हो, होती हैं–
(a) रु 3.50
(b) रु 74
(c) रु 450
(d) रु 370

(56) लाभ अधिकतमकरण के लिए फर्म को .......................... उत्पादन करना चाहिये।
(a) 30
(b) 35
(c) 45
(d) 50

(57) यदि बाजार मूल्य रु 100 से गिरकर रु 74 हो जायें तो फर्म का अल्पकालीन प्रत्युत्र होना चाहिए–
(a) मूल्य में गिरावट से पूर्व जितनी ही संख्या में इकाइयों का उत्पादन जारी रखा जाये।
(b) 10 इकाइयों का उत्पादन
(c) 20 इकाइयों का उत्पादन
(d) 25 इकाइयों का उत्पाद।

(58) अल्पाधिकार का मुड़े हुए माँग वक्र मॉडल मान्यता लेता है कि–
- (a) मूल्य वृद्धि के प्रति (उपभोक्ताओं का) प्रत्युत्तर मूल्य की कमी के प्रति प्रत्युत्तर की अपेक्षा कम होता है।
- (b) मूल्ल वृद्धि के प्रति (उपभोक्ताओं का) प्रत्युत्तर मूल्य की कमी के प्रति प्रत्युत्तर की अपेक्षा अधिक होता है।
- (c) माँग की लोच सतत रहती है बिना यह देखे कि क्या मूल्य बढ़ता है या घटता है।
- (d) माँग की लोच पूर्णतः लोचदार रहती है यदि मूल्य बढ़ता है तथा पूर्णतः बेलोच रहती है यदि मूल्य घटता है।

(59) दुर्लभता का नियम (The Law of Scarcity)–
- (a) समृद्ध विकसित देशों पर लागू नहीं होता।
- (b) केवल कम विकसित देशों पर लागू होता है।
- (c) बोध होता है। कि एक समाजवादी प्रणाली में उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ संतुष्ट हो जायेगी।
- (d) बोध होता है कि उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ कभी भी पूर्णतः संतुष्ट नहीं होगी।

(60) उत्पादक एक बिन्दु पर साम्य में होते है जहाँ सम लागत रेखा....................होती है।
- (a) समोत्पत्ति वक्र के ऊपर समोत्पत्ति वक्र
- (b) समोत्पत्ति वक्र के नीचे
- (c) समोत्पत्ति वक्र को काटती हुई
- (d) समोत्पत्ति वक्र के प्रति स्पर्शी

(61) निम्न में से क्या आर्थिक उद्देश्य के बारे में सही नहीं है ?
- (a) इसे मुद्रा में मापा जा सकता है।
- (b) इसे मुद्रा से सम्बन्धित किया जा सकता है।
- (c) यह भावनात्मक सम्बन्धों पर आधारित है।
- (d) राष्ट्रीय आय से सम्बन्धित होते है।

(62) उत्पादकीय गतिविधि का अर्थ है _______ के लिए उत्पाद।
- (a) स्वयं के लिए
- (b) परिवार के लिए
- (c) बाजार के लिए
- (d) उपरोक्त सभी

(63) SBI का वर्तमान प्रमुख वित्तीय अधिकारी कौन है ?
- (a) प्रशान्त कुमार
- (b) नटराजन चन्द्रशेखरन
- (c) आलोक कुमार अग्रवाल
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(64) बाहरी पर्यावरण की जरूरतों को पूरा करना और ग्राहकों के समुहों की अपेक्षाओं और मांगो को पूरा करना कहलाता है ?
- (a) पारस्परिक समझौता
- (b) परस्पर निर्भर प्रक्रिया
- (c) प्रबन्धन प्रक्रिया
- (d) बातचीत प्रक्रिया

(65) बाजार का अध्ययन करने के लिए निम्न में से किस घटक पर विचार किया जाता है।
- (a) बाजार की परिपक्वता।
- (b) बाजार की लागत संरचना।
- (c) बाजार की मूल्य संवदेनशीलता
- (d) उपरोक्त सभी।

(66) वे वस्तुऐं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इस्तेमाल किया जाता है, कहलाती है :–
- (a) उपभोक्ता वस्तुऐं
- (b) पूंजीगत वस्तुऐं
- (c) डिजिटल वस्तुऐं
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(67) वह दर जिस दर पर केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के बिलों का बट्टा किया जाता है :–
- (a) बैंक दर
- (b) नगद रिजर्व अनुपात
- (c) वैधानिक तरलता अनुपात
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(68) भारत में निम्न में से किसमें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की आज्ञा नहीं है ?
- (a) चिट फण्ड
- (b) स्थिर सम्पत्ति
- (c) सिगरेट निर्माण
- (d) उपरोक्त सभी।

(69) निम्न में से कौनसा कथन हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय को सही परिभाषित करता है।
- (a) व्यवसाय का यह तरीका केवल भारत में ही प्रचलित है
- (b) सभी पारिवारिक व्यवसाय हिन्दु अविभिाजित परिवार व्यवासय होते है।
- (c) हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय में केवल परिवार के सदस्य ही शामिल होते है।
- (d) a व c दोनों

(70) निम्न मे से कौनसी व्यवसायिक पर्यावरण की विशेषता है
- (I) पर्यावरण स्थैतिक है
- (II) पर्यावरण गत्यात्मक है
- (III) पर्यावरण एक मुश्किल अवधारणा है और इसके कई पहलू है।
- (IV) इसकी पहॅुच अल्पकालीन है

Options
- (a) Point I & III
- (b) Point I, II & III
- (c) Point II & IV
- (d) Point II & III

(71) मार्केटिंग पर्यावरण में केन्द्रीय भूमिका किसकी होती है।
- (a) उपभोक्ता
- (b) खरीददार
- (c) सगंठन
- (d) उपरोक्त सभी

(72) Price Sensitivity of the market (व्यापार की कीमत संवेदनशीलता) व्यष्टि पर्यावरण के कौनसे भाग का प्रमुख साधन है।
- (a) पूर्तिकर्ता
- (b) व्यापार
- (c) मध्यस्थ
- (d) उपभोक्ता

(73) निम्न मे से कौन आर्थिक पर्यावरण का भाग नही।
- (a) बाजार एवं व्यापार चक्र
- (b) उपभोक्ता के खरीदने का तरीका
- (c) उपभोक्ता की खर्च करने की क्षमता
- (d) ब्याज व विनिमय दर

(74) ...................... पर्यावरण एक देश की प्रकृति तथा दिशा को दर्शाता है जिसमे एक उद्योग या कम्पनियॉ प्रतियोगिता करती है
- (a) सामाजिक–सांस्कृतिक
- (b) आन्तरिक
- (c) व्यष्टि
- (d) आर्थिक

(75) रिलायन्स इण्डस्ट्रीज की स्थापना कब हुई
- (a) 1965
- (b) 1966
- (c) 1978
- (d) 1959

(76) किस गैस कम्पनी के पास भारत का सबसे लम्बा पाइपलाइन नेटवर्क है
- (a) गेल (इण्डस्ट्रीज)
- (b) भारत पैट्रोलियम
- (c) रिलायंस इण्डस्ट्रीज
- (d) ONGC

(77) Infosys द्वारा निर्मित वैश्विक बैकिंग प्लेट फार्म कहलाता है।
- (a) माना
- (b) Finical
- (c) SKAUA
- (d) Panay cloud site

(78) वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अर्न्तगत आता है।
- (a) नीतियां
- (b) बजट
- (c) लक्ष्य निर्धारण
- (d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

(79) निजीकरण का वह रूप जिसमें सरकार सारी उत्तरदायित्व अपने पास बनाऐ रखती है निजी क्षेत्र को प्रबंधन सौप देती है कहलाता है।
- (a) विनिवेश
- (b) विनियमित करना
- (c) प्रत्यायोजन
- (d) विकेन्द्रीकरण

(80) हुन्डई इण्डिया लिमिटेड ने भारत में FDI मार्ग के द्वारा प्रवेश किया या तो यह कौनसा पथ है–
(a) सार्वजनिक क्षेत्र का विनिवेश
(b) संयुक्त उपक्रम
(c) 100 प्रतिशत भारतीय सहयोगी संस्था
(d) सरकारी उद्योग को प्रतिस्थापित करना

(81) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपने परिचालन को उन राष्ट्रों की––––––––के अनुसार संरेखित करना पड़ता है, जहां से वे काम करते हैं–
(a) सरकार की नीति
(b) सार्वजनिक नीति
(c) व्यापार नीति
(d) बाजार नीति

(82) गैब्रियल आलमंड ने एक के विचार को लोकप्रिय बनाया
(a) राजनीतिक संस्कृति
(b) सामाजिक संस्कृति
(c) राजनीति–नीति संबंध
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(83) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक विधायी प्रस्ताव को एक कानून बनाने वाली संस्था के समक्ष लाया जाता है और फिर भूमि के कानून में अनुवादित किया जाता है–
(a) पॉलिसी प्रारूपण
(b) कानून बनाना
(c) कानून पेश करना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(84) एक विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक कौन नहीं हो सकता है?
(a) सरकारें या सरकारी एजेंसियां,
(b) संपदा, ट्रस्ट या अन्य संगठन,
(c) असिंचित निजी या सार्वजनिक उद्यम
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(85) निम्नलिखित में से कौन सा कथन FPI के बारे में सही नहीं है–
(a) प्रकृति में सट्टा
(b) जिस देश में निवेश होता है, वहां के आउटपुट, रोजगार, वेतन स्तर आदि में वृद्धि
(c) प्रबंधन या नियंत्रण में कोई रुचि नहीं
(d) नाममात्र की पूंजी में निवेश का गठन

(86) वर्ष में एकल खुदरा बिक्री में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति थी:
(a) 2012
(b) 2010
(c) 1999
(d) 1997

(87) आर.बी.आई. के संबंध मे कौनसा कथन असत्य है–
- (a) यह सरकार व बैंको के लिए कार्य करता है
- (b) यह देश में मौद्रिक स्थिरता और देश में कीमत स्थिरता को बनाऐ रखता है
- (c) इसका एक उद्देश्य देश में अंशधारकों के हितो की रक्षा करना है
- (d) भारतीय रिजर्व बैंक देश में मुद्रा निर्गमित करने वाली प्रमुख

(88) बडी संस्था में स्वयं सहायता समूह ऋण सेवा के साथ जुडे है जो की भारत में सूक्ष्म ऋण के प्रमुख स्त्रोत के रूप में व्यर्थ कर रहे है। यह किसकी देन है–
- (a) नाबार्ड
- (b) सिडबी
- (c) आई.डी.बी.आई
- (d) सेबी

(89) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
- (a) सेबी में एक चैयरमैन होता है जो की केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है
- (b) सेबी में दो सदस्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय मे से नियुक्त किए जाते है।
- (c) सेबी में एक सदस्य आर.बी.आई. द्वारा अपने ही कर्मचारियों मे से एक नियुक्त किया जाता है।
- (d) सेबी में पॉच अन्य सदस्य नियुक्त किये जाते है जिनमे से 4 सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होते है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

(90) निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय प्रतियोगिता आयोग का नहीं है
- (a) ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करना जो भारत में प्रतियोगिताको हानि पहुचाते हो
- (b) बाजारों में प्रतियोगिता को बढावा देना
- (c) उपभोक्ता के हितो की रक्षा करना
- (d) व्यापार की स्वतंत्रता को बनाये रखना

(91) व्यवसाय बनाने वाले उत्पादों और उत्पादों का संग्रह कहा जाता है
- (a) व्यापार विविधता
- (b) कंसोर्टियम
- (c) बिजनेस पोर्टफोलियो
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(92) स्वामित्व शब्द किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को ____________ के उद्देश्य से संपत्ति या संपत्ति के लिए कानूनी शीर्षक प्राप्त करने के अधिकार को संदर्भित करता है।
- (a) मुनाफा कमाना
- (b) माल बेचना
- (c) व्यवसाय चलाना
- (d) समाज की सेवा करना

(93) ब्याज की दरें जिन्हें ऋणदाता द्वारा अनुबंध में बदला जा सकता है, कहा जाता है
- (a) बैंक दर
- (b) प्रशासित दरें
- (c) जमा ब्याज
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(94) ब्याज, शेयर सूचकांक और बाजार दरों जैसे वित्तीय मापदंडों में बदलाव को कहा जाता है
- (a) जनगणना
- (b) सूचकांक
- (c) बेसिस पॉइंट
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(95) कभी–कभी बैंक द्वारा आवश्यक माध्यमिक सुरक्षा और ऋण दायित्व पर उधारकर्ता के प्रदर्शन की गारंटी देने का इरादा कहा जाता है
- (a) संपार्श्विक सुरक्षा
- (b) जमा का प्रमाण पत्र
- (c) जमा पर्ची
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(96) एक बैंक द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज (खरीदार या आयातक की ओर से), अपने ग्राहक द्वारा माल की खरीद के लिए एक तृतीय पक्ष (विक्रेता या निर्यातक), एक विशिष्ट राशि का भुगतान करने की अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए, जो खरीदार कहा जाता है
- (a) प्रॉमिसरी नोट
- (b) लेटर ऑफ क्रेडिट
- (c) चेक
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(97) सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 अधिसूचना __________ के माध्यम से प्रभावी हो गया।
- (a) 31st March 2009
- (b) 31st March 2010
- (c) 31st March 2008
- (d) 31st March 2011

(98) पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट (POC) बिजनेस फैसिलिटेटर्स का एक उदाहरण
- (a) परिवहन एजेंसी
- (b) व्यापार इनक्यूबेटर
- (c) बैंक
- (d) बीमा कंपनी

(99) _______ की दर जिस पर बैंक सरकारी प्रतिभूतियों को भारतीय रिजर्व बैंक को बेचने या बेचने के लिए RBI से धन लेते हैं।
- (a) मांग दर
- (b) ब्याज दर
- (c) रेपो रेट
- (d) रिवर्स रेपो रेट

(100) बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा है –
- (a) 39%
- (b) 49%
- (c) 29%
- (d) 59%

***